>

Title: Need to construct underpasses on National Highway No. 3 in Bhiwandi Parliamentary Constituency,Maharashtra.

श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी) : मेरे लोक सभा क्षेत्र भिवंडी के कार्यक्षेत्र से नेशनल हाइवे संख्या 3 है जहाँ पर वडपे बाईपास से नासिक तक का रोड बी.ओ.टी. के तहत गैमन इण्डिया को हस्तांतरित किया गया है । यातायात के दबाव को देखते हुए इस हाइवे को 4 लेन का बनाया गया है । इसे बनाते समय इसमें बहुत सारी कमियाँ रह गयी हैं । जैसे-जंक्शन पर अंडरपास बनाना, सर्विस रोड बनाना । त वली, खडवली, वाशिंद, आसनगाँव एवं वाशाला कंसारा पर जंक्शन हैं लेकिन अंडरपास नहीं हैं । बहुत सारी जगह पर नियोजन में सर्विस रोड हैं मगर वास्तव में बनाए नहीं हैं । इसके चलते इसी जंक्शन पर पिछले साल 220 से ज्यादा दुर्घटनाएं हुई हैं जिनमें 120 लोगों की मृत्यु हो गयी तथा 100 लोग घायल हुए हैं । 5 दिन पहले आसनगाँव स्थित जंक्शन पर दुर्घटना हुई जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी जिसके कारण मृत व्यक्तिD का शव बीच सड़क पर रखकर लगभग 3 घंटे तक रास्ता रोका गया था । जिसको वहाँ की सभी पार्टियों के नेताओं ने समर्थन दिया था । ऐसी घटनाएं अक्सर होती रहती है ।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि याथाशीघ्र उपरोक्त पाँच जगहों पर अण्डरपास एवं सर्विस रोड बनायी जाएं ।